Ans. (a) – नारायण देवी वर्मा ने भीलवाड़ा में महिला आश्रम की स्थापना 1944 ई. में की थी। इसके माध्यम से ये महिलाओं में शिक्षा व वैचारिक जागृति लाना चाहती थी। ये बिजौलिया किसान आन्दोलन के प्रमुख नेता माणिक्यलाल वर्मा की पत्नी थी। वर्ष 1970 ई. में राज्य सभा सांसद के रूप में चुनी गई थी।

852. स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ नगेन्द्रबाला किस शहर से सम्बन्धित है?

(a) जयपुर (b) कोटा
(c) बीकानेर (d) जोधपुर

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (b) – 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लेने वाली प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी नगेन्द्र बाला का जन्म 13 सितम्बर 1926 को राज्य के ''कोटा'' जिले में हुआ था तथा वे कोटा व देश की पहली जिला प्रमुख बनने वाली, महिला है। 2010 में इनकी मृत्यु हो गयी।

853. वीर भारत समाज किसने स्थापित किया?

(a) जोरावर सिंह बारहट (b) गोकुल दास असावा
(c) मास्टर आदित्यन्द्र (d) विजय सिंह पथिक

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1996

व्याख्या—'वीर भारत समाज' को विजय पथिक ने 29 दिसम्बर 1910 को स्थापित किया। विजय पथिक राजस्थान के कृषक आन्दोलन के एक प्रमुख नेता थे। इन्होंने बिजौलिया किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया था। वर्धा से इन्होंने 'राजस्थान केशरी' नामक समाचार पत्र निकाला।

854. अंग्रेजों से सन्धि-करने वाला राजस्थान का प्रथम राज्य था—

(a) कोटा (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) उदयपुर

उत्तर—(b)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या— अंग्रेजों से संधि करने वाला प्रथम राज्य अलवर था, जिसने 12 दिसम्बर, 1803 को ईस्ट इण्डिया कंमनी के साथ संधि की। इसके पश्चात् 12 दिसम्बर 1803 को जयपुर के महाराजा जगत सिंह द्वितीय ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि की।

855. राजस्थान के विख्यात इतिहासकार जो एक समाज सुधारक भी थे –

(a) मानकरण शारदा
(b) हरबिलास शारदा
(c) सी. के. एफ. वाल्टॅयर
(d) जमना लाल बजाज

उत्तर : (b)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – हरबिलास शारदा राजस्थान के प्रमुख समाज सुधारक थे जिन्होंने 'एज ऑफ कन्सेट एक्ट, 1891' को संशोधित कराकर शारदा एक्ट 1929 ई. में पारित करवाया जिसके अंतर्गत विवाह की आयु 14 वर्ष (लड़की) और 18 वर्ष (लड़का) निर्धारित की गयी।

856. कोटा में वीर भारत समाज की स्थापना की –

(a) प्यारेराम (b) साधु सीताराम
(c) नयनूराम (d) केसरी सिंह

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – केसरी सिंह बारहट (21 नवंबर, 1872 – 14 अगस्त, 1941) राजस्थानी कवि और स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्होंने कोटा में वीर भारत समाज की स्थापना की थी।

857. बिजयदान देथा के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) विजयदान देथा राजस्थान के प्रसिद्ध लेखक थे, जिनकी कहानी चरणदास चोर नामक नाटक के रूप में रूपान्तरित की गयी।
(B) विजयदान देथा रूपायण संस्थान के सह-संस्थापक थे।

(a) केवल (A) सत्य है।
(b) केवल (B) सत्य है।
(c) न तो (A) ना ही (B) सत्य है।
(d) दोनों (A) और (B) सत्य हैं।

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थानी और हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार विजयदान देथा का जन्म जोधपुर, राजस्थान में हुआ था। उन्होंने राजस्थान की लोक कथाओं को पहचान और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें प्यार से लोग बिज्जी कहते थे। इनकी प्रमुख कृतियां हैं– बापू के तीन हत्यारे, बातां री फुलवारी, अनोखा पेड़, चौधराइन की चतुराई, सपनप्रिया, मेरा दर्द न जाने कोई, महामिलन, प्रियमृणाल इत्यादि। उनकी लिखी हुई कहानियों पर 'दुविधा' और 'परिणति' जैसी फिल्में बन चुकी हैं 'दुविधा' कहानी पर ही' 2005 में अमोल पालेकर ने शाहरूख खान और रानी मुखर्जी को लेकर 'पहेली' फिल्म बनाई थी। हबीब तनवीर का प्रसिद्ध नाटक 'चरणदास चोर' उन्हीं की कहानी पर आधारित है। उन्हें साहित्य अकादमी और पद्म श्री अवार्ड सहित कई सम्मान मिले थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर के बाद बिज्जी ही भारतीय उपमहाद्वीप के एक मात्र ऐसे लेखक हैं, जिनका नाम 2011 में साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए नामित हुआ था।